विमानों का किराया ₹9.5 करोड़ प्रति माह तक

- एडवाइजरी फर्म प्राइमस पार्टनर और पीडब्ल्यूसी के मुताबिक, भारत में करीब 80% विमान लीज पर हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह औसत 53% है। एविएशन कंसल्टेंट विशोक मानसिंह ने बताया कि अगर एअर इंडिया के पुराने विमानों को छोड़ दें तो लगभग सभी एयरलाइंस के अधिकतर विमान लीज पर हैं। रुपए की वैल्यू गिरने से इनका रेंट बढ़ गया है।
- भारतीय एयरलाइंस अभी नैरो बॉडी विमान के लिए हर महीने 3.5-4.5 लाख डॉलर (3.9 करोड़ रुपए तक) और वाइड बॉडी विमानों के लिए 9-11 लाख डॉलर (9.5 करोड़ रुपए तक) किराया चुका रही हैं।

- **इंडिगो की एयरक्राफ्ट, इंजन लीजिंग कॉस्ट 4 गुना बढ़ीः** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने 2023-24 की जुलाई-सितंबर में विमान और इंजन का 195.6 करोड़ रुपए किराया चुकाया था। 2024-25 की समान अवधि में यह चार गुना बढ़कर 763.6 करोड़ हो गया। कंपनी ने लंबी अवधि की लीज पर 70 विमान जोड़े हैं।
- **घरेलू मार्गों पर ग्रोथ 10%, अंतराष्ट्रीय मार्गों पर 20%ः** भारत दुनिया का तीसरा बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ता एविएशन मार्केट है। इस साल घरेलू एयर ट्रैफिक 7-10% बढ़कर 17 करोड़ यात्रियों तक पहुंचने का अनुमान है। इंटरनेशनल ट्रैफिक और भी तेज 15-20% ग्रोथ के साथ 3.6 करोड़ यात्रियों तक पहुंच सकता है।

भारतीय एयरलाइंस की कमाई रुपए में होती है। लेकिन 50% से ज्यादा खर्च डॉलर में हैं। आमतौर पर लीज रेंट 6 साल के लिए फिक्स होता है, लेकिन रुपया कमजोर होने से कंपनियों को डॉलर में ज्यादा भुगतान करना पड़ता है। यदि रुपए की कमजोरी जारी रही तो एयरलाइंस को किराया बढ़ाना पड़ेगा।
-विशोक मानसिंह, एविएशन कंसल्टेंट

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN | DELHI | 9 JANUARY 2025

घरेलू एयरलाइनों को साझा करना पड़ सकता है मौसम संबंधी डाटा

नई दिल्ली, प्रेट्र: सरकार घरेलु एयरलाइनों के लिए विमान के उड़ान भरने और उतरने के दौरान एकत्र किए गए मौसम संबंधी डाटा को आइएमडी के साथ साझा करना अनिवार्य बनाने की योजना बना रही है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि इससे पूर्वानुमान लगाने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम रविचंद्रन ने बताया कि उनका मंत्रालय इस मामले पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह न केवल उड़ानों के परिचालन के लिए बल्कि हर जगह मौसम पूर्वानुमान के लिए भी बहुत उपयोगी होगा। रविचंद्रन ने कहा कि मौसम पूर्वानुमान काफी हद तक अवलोकनों पर निर्भर करता है।

हमारे पास जितने अधिक अवलोकन होंगे, हमारा पूर्वानुमान उतना ही बेहतर होगा। रविचंद्रन ने कहा कि 'वर्टिकल' मौसम अवलोकन (विमान और मौसम गुब्बारों से प्राप्त) जमीनी अवलोकनों से अधिक महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे वायुमंडल की पूरी तस्वीर प्रदान करते हैं, न कि केवल सतह पर होने वाली गतिविधियां। तूफान जैसी मौसम प्रणालियां वायुमंडल में बनती और विकसित होती हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

RS DAINIK JAGRAN DELHI 9 JANUARY 2025

घरेलू एयरलाइनों को आइएमडी से साझा करना पड़ सकता है मौसम संबंधी डाटा

नई दिल्ली, प्रेट्र: सरकार घरेलू एयरलाइनों के लिए विमान के उड़ान भरने और उतरने के दौरान एकत्र किए गए मौसम संबंधी डाटा को भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के साथ साझा करना अनिवार्य बनाने की योजना बना रही है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि इससे पूर्वानुमान लगाने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम रविचंद्रन ने बताया कि उनका मंत्रालय इस मामले पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ चर्चा कर रहा है और मौसम संबंधी डाटा उपलब्ध कराना घरेलू एयरलाइनों के लिए अनिवार्य कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह न केवल उड़ानों के परिचालन के लिए बल्कि हर जगह मौसम पूर्वानुमान के लिए भी बहुत उपयोगी होगा।

रविचंद्रन ने कहा कि मौसम पूर्वानुमान काफी हद तक अवलोकनों पर निर्भर करता है। हमारे पास जितने अधिक

- केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम. रविचंद्रन ने दी जानकारी
- कहा, मौसम का पूर्वानुमान लगाने की क्षमता में होगी उल्लेखनीय वृद्धि

प्रतीकात्मक

अवलोकन होंगे, हमारा पूर्वानुमान उतना ही बेहतर होगा। रविचंद्रन ने कहा कि 'वर्टिकल' मौसम अवलोकन (विमान और मौसम गुब्बारों से प्राप्त) जमीनी अवलोकनों से अधिक महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे वायुमंडल की पूरी तस्वीर प्रदान करते हैं, न कि केवल सतह पर होने वाली गतिविधियां।

उन्होंने कहा कि तूफान जैसी मौसम प्रणालियां वायुमंडल में विकसित होती हैं, लेकिन विभिन्न ऊंचाइयों पर तापमान, आर्द्रता और हवा की स्थिति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग विभिन्न ऊंचाइयों पर तापमान, आर्द्रता और हवा पर महत्वपूर्ण डेटा एकत्र करने के लिए 50-60 स्टेशनों से मौसम के गुब्बारे छोड़ता है। विमान भी उड़ान भरने और उतरने के दौरान मौसम संबंधी डाटा रिकार्ड करते हैं। यह डाटा वास्तविक समय में जमीन पर भेजा जाता है और पूर्वानुमान माडल में एकीकृत किया जाता है। सीमित संख्या में मौसम के गुब्बारों के विपरीत, हजारों विमान मौसम संबंधी डाटा पर भरोसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कई देशों ने अपनी एयरलाइनों के लिए यह डाटा प्रदान करना अनिवार्य कर दिया है और भारत को भी इसी तरह की व्यवस्था की आवश्यकता है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN KANPUR 8 JANUARY 2025

शहरियों को तीन और उड़ानों की सुविधा जल्द मिलेगी

जागरण संवाददाता, कानपुर: शहरियों को तीन और उड़ानों की सुविधा जल्द मिल सकती है। दिल्ली के लिए सुबह एक और फ्लाइट उड़ाने पर विचार चल रहा है। वहीं, कोलकाता और अहमदाबाद को भी हवाई सेवा से जोड़ने की तैयारी है। एयरपोर्ट अथारिटी के प्रस्ताव पर विमानन कंपनी ने इन तीनों शहरों के लिए विमान सेवा की तैयारी शुरू कर दी है।

चकेरी स्थित एयरपोर्ट से अभी हैदराबाद, बेंगलुरु, दिल्ली और मुंबई के लिए फ्लाइट सुविधा है। हैदराबाद की फ्लाइट सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार की है। बेंगलुरु की उड़ान सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार की है। लंबे समय से दिल्ली के लिए सुबह की एक और फ्लाइट के साथ ही कोलकाता व अहमदाबाद के लिए उड़ान की मांग चल रही है। एयरपोर्ट अथारिटी ने विमानन कंपनी इंडिगो को इसके लिए प्रस्ताव दिया है। जरूरत के अनुसार एयरपोर्ट पर सुविधाएं बढ़ाने और एयरपोर्ट के विस्तार का वादा भी किया है। एयरपोर्ट निदेशक संजय कुमार ने बताया कि प्रयास है कि कुंभ मेले के बाद इनमें से कम से कम एक उड़ान चालू की जाए।

दिल्ली के लिए मिल सकती एक और फ्लाइट, कोलकाता और अहमदाबाद को भी हवाई सेवा से जोड़ने की तैयारी

उड्डयन मंत्री से तीन दिन पहले कोलकाता और अहमदाबाद की उड़ान की सुविधा शहर को देने की बात हुई थी। उन्होंने विमानन कंपनियों से अगले शेड्यूल में इन उड़ानों की सुविधा कानपुर में देने के लिए कहा है। रक्षामंत्री के साथ बैठक में एयरपोर्ट के आइएलएस (इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम) की क्षमता बढ़ाने की बात हुई है। जल्द ही यहां पर रात 10 बजे तक उड़ान की सुविधा मिलेगी।

-रमेश अवस्थी, सांसद

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 9 JANUARY 2025

सुविधा : हिंडन से नए शहरों के लिए उड़ानें जल्द

ट्रांस हिंडन। हिंडन एयरपोर्ट से अब नए शहरों के लिए उड़ानें जल्द शुरू होंगी। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट का प्रबंधन कर रही कंपनी की याचिका पर कोर्ट का स्टे लगा था। एयरपोर्ट प्रबंधन के मुताबिक, कंपनी ने मामला वापस ले लिया है। इससे नई उड़ानें शुरू करने का रास्ता साफ हो गया। >ब्योरा P06

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 9 JANUARY 2025

लखनऊ-अयोध्या के लिए उड़ान सेवा जल्द शुरू करने की तैयारी

हिंडन एयरपोर्ट

ट्रांस हिंडन, वरिष्ठ संवाददाता। हिंडन एयरपोर्ट से लखनऊ और अयोध्या की फ्लाइट मार्च तक शुरू हो सकती है। बुधवार को अधिकारी इस संबंध में दिल्ली स्थित मुख्यालय में बैठक के लिए गए थे।

एयरपोर्ट प्रबंधन ने स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों और लोगों से मिले इनपुट के अलावा विभिन्न कंपनियों के पूर्व में दिए आवेदन के आधार पर लखनऊ और अयोध्या के लिए उड़ान सेवा शुरू करने पर जोर दिया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस अगस्त 2024 में बेंगलुरु, गोवा, चेन्नई और कोलकाता की उड़ान शुरू करने वाली थी। इस बीच डायल जीएमआर ने कोर्ट में वाद डाल दिया था। कोर्ट के स्टे के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस की व्यावसायिक उड़ान सेवा शुरू नहीं हो पाई थी। वहीं दूसरी कंपनियों ने भी वहां उड़ान शुरू करने से हाथ खींच लिए थे। हिंडन एयरपोर्ट प्राधिकरण के प्रबंधक उमेश यादव ने बताया कि कंपनी ने यह वाद कोर्ट से वापस ले लिया है। इसीलिए अब नए शहरों के लिए घरेलू के साथ व्यवसायिक उड़ान भी शुरू हो सकती हैं।

बेंगलुरु के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट हिंडन से मिल रही है, लेकिन एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सीधी उड़ान रखी थी। लखनऊ और अयोध्या के साथ पहले से तय बेंगलुरू समेत चार शहरों को भी मार्च तक जोड़ने की योजना है। इसके बाद प्रयागराज, बनारस और अहमदाबाद के लिए भी उड़ान शुरू की जाएगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 9 JANUARY 2025

विमान कंपनियां देंगी मौसम की जानकारी

अंतरराष्ट्रीय विमानों की तरह देश की घरेलू विमान कंपनियां भी जल्द ही मौसम की जानकारी भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) को अनिवार्य रूप से देंगी। केंद्र सरकार इसको लेकर योजना बना रही है।

योजना के अनुसार विमान के उड़ान भरने और उतरने के दौरान जो भी मौसम रहा उसकी जानकारी कंपनियां मौसम विभाग को देंगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

MINT DELHI 9 JANUARY 2025

Govt orders airlines to share weather data with IMD

PTI
feedback@livemint.com
NEW DELHI

IMD launches weather balloons to collect temperature data. AP

The government is planning to make it mandatory for domestic airlines to share weather data captured by aircraft during takeoffs and landings with the weather office, which could lead to significantly better forecasts.

Currently, the India Meteorological Department (IMD) launches weather balloons from 50-60 stations to collect critical data on temperature, humidity and wind speed at various altitudes, which form crucial inputs for weather forecasting models.

These inputs could increase exponentially as the country records more than 6,000 takeoffs and landings by domestic airlines at various airports every day.

M. Ravichandran, secretary in the Union ministry of earth sciences, said that his ministry had been in discussions with the civil aviation ministry on the matter, and providing weather data would be "made mandatory for domestic airlines within a year".

"It has to be mandatory...It will not only be very useful for airline operations but also for weather forecasts everywhere," he said. Ravichandran said weather forecasts depended largely on the number of observations collected.

With new airports coming up, IMD could have access to data from a wider geographical region

He said that with new airports coming up in different parts of the country, the weather office could have access to data from a wider geographical region, leading to better localized predictions.

"The more observations we have, the better our predictions can be. It is similar to an exit poll—if you gather data from more places, you will get a clearer picture. In the same way, we aim to collect information on temperature, humidity, and wind wherever possible," he said.

Vertical weather observations (obtained from aircraft and weather balloons) are more important than ground observations because they provide a complete picture of the atmosphere, not just what is happening at the surface, Ravichandran said.

Weather systems such as storms form and evolve in the atmosphere, where temperature, humidity and wind conditions at different altitudes play a key role, he said.

Aircraft also record weather data during takeoffs and landings. This data is transmitted to the ground in real-time and integrated into forecasting models.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE MORNING STANDARD DELHI 9 JANUARY 2025

Capital continues to shiver under cold wave and foggy conditions; 200 flights delayed

EXPRESS NEWS SERVICE @ New Delhi

A thick layer of fog blanketed the national capital and neighbouring areas on Wednesday morning as North India continued to reel under a cold wave. Visibility was significantly reduced at airports across the region, disrupting flight services. At New Delhi's Indira Gandhi International Airport (IGI), 200 flights were delayed, and four were cancelled.

Meanwhile, the India Meteorological Department's (IMD) seven-day forecast indicates that from Wednesday, the minimum temperature will start dipping, and by Friday, it is expected to drop to 5 degrees Celsius. Anticipating dense to very dense fog conditions, the weather department issued an orange alert for Delhi on Wednesday and a yellow alert for Thursday and Friday.

In the past 24 hours, the maximum temperature in Delhi was recorded at 16.2, which is 2.8 degrees below normal, and the minimum temperature was 7.4, which was 5 degrees above normal.

Meanwhile, the Delhi Airport, already reeling under fog, will see further disruption starting January 19 as a NOTAM (Notice to Airmen) has been issued for closure of airspace over Delhi from 10:20 am to 12:45 pm from January 19 to 26. This is for practice, dress rehearsal and the actual Republic Day parade. This is for practice, dress rehearsal and the actual R-Day parade, an annual celebration that includes a parade, flypast and display of culture and military hardware along Kartavya Path. The closure will start on January 19 and will remain enforced till Republic Day.

The impact is not restricted to domestic flights, with the schedule showing an effect on flights from Toronto, Washington, and Colombo, among others.

NOTAM issued

The Delhi Airport, already reeling under fog, will see further disruption starting January 19 as a NOTAM (Notice to Airmen) has been issued for closure of airspace over Delhi from 10:20 am to 12:45 pm from January 19 to 26.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE MORNING STANDARD DELHI 9 JANUARY 2025

Airlines may have to share weather data with IMD

JITENDRA CHOUBEY @ New Delhi

THE government is considering making it mandatory for domestic airlines to share real-time weather data collected during take-off and landing with the India Meteorological Department (IMD) to enhance high weather forecast efficiency capabilities.

However, domestic airlines may be unwilling to agree as it may increase the operational costs of airlines and airports.

Currently, it is optional for domestic airlines to provide real-time weather-related data to the concerned airport authorities. However, the law requires all major international airlines operating on international routes to provide weather-related data to airport authorities regularly.

Weather forecasts depend on the number of observations made in a region. Currently, the IMD launches weather balloons from over 60 locations to collect critical data on temperature, humidity and wind speed at various altitudes.

"There are over a hundred operational airports and over three thousand daily domestic flights which can relay data in real-time that can significantly increase forecast precision of the IMD," M Ravichandran, Secretary in the Union Ministry of Earth Sciences, told this newspaper.

He said the Earth Sciences ministry was in discussion with the civil aviation ministry on the matter, and providing weather data would be "made mandatory for domestic airlines within a year".

"In India, some India-based airlines do provide weather data when they fly on international routes, but not all," said Ravichandran. "Like British Airways, when it lands at Delhi Airport, it submits data to the airport authority, which is relayed to IMD for analysis."

However, relaying real-time weather data would be a costly affair. Airlines cannot do so without first agreeing to a financial mechanism. Otherwise, the cost may be transferred to consumers.

Instruments like the Aircraft Meteorological Data Relay (AMDAR) or other advanced systems could be installed on aircraft. This system predominantly utilises existing onboard sensors, computers and communications systems to collect, process, format and transmit meteorological data.

One of the major advantages is that aircrafts can provide a large amount of data from remote areas where IMD's balloons don't reach, such as the ocean or seas.

However, relaying real-time weather data would be a costly affair. "The major roadblock to this operation is cost," a senior officer at the Ministry of Civil Aviation said.

The information relayed to ground stations via satellite or radio links includes air temperature, wind, turbulence and other required information.

AT A GLANCE

- Instruments like the Aircraft Meteorological Data Relay (AMDAR) could be installed on aircraft
- Utilises existing onboard sensors, and systems to collect, process, and transmit weather data
- Aircrafts can provide data from remote areas where IMD's balloons don't reach, such as ocean or seas.
- "Some Indian airlines do provide weather data when they fly on international routes, which is relayed to IMD for analysis."

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

NAVBHARAT TIMES DELHI 9 JANUARY 2025

टेकऑफ, लैंडिंग के समय मौसम का डेटा IMD को देना होगा!

■ भाषा, नई दिल्ली

सरकार घरेलू विमानन कंपनियों के लिए विमान के उड़ान भरने और उतरने के दौरान एकत्र किए गए मौसम के पूर्वानुमान संबंधी आंकड़ों को IMD के साथ साझा करना अनिवार्य बनाने की योजना बना रही है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि इससे पूर्वानुमान लगाने की क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम. रविचंद्रन ने बताया कि उनका मंत्रालय इस मामले पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ चर्चा कर रहा है और मौसम के पूर्वानुमान संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराना एक वर्ष के अंदर घरेलू विमानन कंपनियों के लिए अनिवार्य कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, इसे अनिवार्य किया जाना चाहिए। यह न केवल उड़ानों के परिचालन के लिए, बल्कि हर जगह मौसम पूर्वानुमान के लिए भी बहुत उपयोगी होगा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव ने कहा कि मौसम पूर्वानुमान काफी हद तक अवलोकनों पर निर्भर करता है।

AI Image

'पूर्वानुमान क्षमता में सुधार होगा'

भारत मौसम विज्ञान विभाग विभिन्न ऊंचाइयों पर तापमान, आर्द्रता और हवा पर महत्वपूर्ण डेटा एकत्र करने के लिए 50-60 स्टेशनों से मौसम के गुब्बारे छोड़ता है। विमान भी उड़ान भरने और उतरने के दौरान मौसम संबंधी डेटा रेकॉर्ड करते हैं। यह डेटा वास्तविक समय में जमीन पर भेजा जाता है और पूर्वानुमान मॉडल में एकीकृत किया जाता है। सीमित संख्या में मौसम के गुब्बारों के विपरीत, हजारों विमान मौसम संबंधी डेटा पर भरोसा कर सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर चलने वाले सभी विमान मौसम के पूर्वानुमान संबंधी डेटा प्रदान करते हैं क्योंकि यह कानून के अनुसार जरूरी है। हालांकि, सभी घरेलू एयरलाइंस ऐसा नहीं करती हैं क्योंकि यह उनके लिए अनिवार्य नहीं है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम. रविचंद्रन ने कहा, भारत में हवाई संपर्क में लगातार वृद्धि हो रही है, प्रत्येक राज्य में 10 से 15 हवाई अड्डे हैं। अगर सभी घरेलू एयरलाइंस यह महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करना शुरू कर दें तो हमारी पूर्वानुमान क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

RASHTRIYA SAHARA DELHI 9 JANUARY 2025

घरेलू विमानन कंपनियों को आईएमडी के साथ साझा करना पड़ेगा मौसम संबंधी डेटा!

नई दिल्ली (भाषा)। सरकार घरेलू विमानन कंपनियों के लिए विमान के उड़ान भरने और उतरने के दौरान एकत्र किए गए मौसम संबंधी आंकड़ों को आईएमडी के साथ साझा करना अनिवार्य बनाने की योजना बना रही है।

वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि इससे पूर्वानुमान लगाने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम. रविचंद्रन ने बताया कि उनका मंत्रालय इस मामले पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ चर्चा कर रहा है, और मौसम संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराना 'एक वर्ष के अंदर घरेलू विमानन कंपनियों के लिए अनिवार्य कर दिया जाएगा।' उन्होंने कहा, 'इसे अनिवार्य किया जाना चाहिए... यह न केवल उड़ानों के परिचालन के लिए बल्कि हर जगह मौसम पूर्वानुमान के लिए भी बहुत उपयोगी होगा।'

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव ने कहा कि मौसम पूर्वानुमान काफी हद तक अवलोकनों पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा, 'हमारे पास जितने अधिक अवलोकन होंगे, हमारा पूर्वानुमान उतना ही बेहतर होगा। यह एक्जिट पोल के समान है - यदि आप अधिक स्थानों से डेटा एकत्र करते है, तो आपको एक स्पष्ट तस्वीर मिलेगी। उसी तरह, हमारा लक्ष्य जहां भी संभव हो, तापमान, आर्द्रता और हवा के बारे में जानकारी एकत्र करना है।'

रविचंद्रन ने कहा कि 'वर्टिकल' मौसम अवलोकन (विमान और मौसम गुब्बारों से प्राप्त) जमीनी अवलोकनों से अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे वायुमंडल की पूरी

यह न केवल उड़ानों के परिचालन के लिए बल्कि हर जगह मौसम पूर्वानुमान के लिए भी बहुत उपयोगी होगा

तस्वीर प्रदान करते है, न कि केवल सतह पर होने वाली गतिविधियां।' उन्होंने कहा कि तूफान जैसी मौसम प्रणालियाँ वायुमंडल में बनती और विकसित होती है, लेकिन विभिन्न ऊँचाइयों पर तापमान, आर्द्रता और हवा की स्थिति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग विभिन्न ऊँचाइयों पर तापमान, आर्द्रता और हवा पर महत्वपूर्ण डेटा एकत्र करने के लिए 50-60 स्टेशनों से मौसम के गुब्बारे छोड़ता है। विमान भी उड़ान भरने और उतरने के दौरान मौसम संबंधी डेटा रिकॉर्ड करते है। यह डेटा वास्तविक समय में जमीन पर भेजा जाता है और पूर्वानुमान मॉडल में एकीकृत किया जाता है। सीमित संख्या में मौसम के गुब्बारों के विपरीत, हजारों विमान मौसम संबंधी डेटा पर भरोसा कर सकते है।

रविचंद्रन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर चलने वाले सभी विमान मौसम संबंधी डेटा प्रदान करते है क्योंकि यह कानून के अनुसार आवश्यक है। हालांकि, सभी घरेलू एयरलाइंस ऐसा नही करती है क्योंकि यह उनके लिए अनिवार्य नही है। उन्होंने कहा कि कई देशों ने अपनी एयरलाइनों के लिए यह डेटा प्रदान करना अनिवार्य कर दिया है और भारत को भी इसी तरह की व्यवस्था की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'विमान पहले से ही डेटा एकत्र कर रहे है। अगर वे ऐसा नही कर रहे होते तो यह एक अलग मुद्दा होता।' रविचंद्रन ने कहा 'भारत में हवाई संपर्क में लगातार वृद्धि हो रही है, प्रत्येक राज्य में 10 से 15 हवाई अड्डे है। अगर सभी घरेलू एयरलाइंस यह महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करना शुरू कर दें तो हमारी पूर्वानुमान क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा।'

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

RASHTRIYA SAHARA DELHI 9 JANUARY 2025

अंतरराष्ट्रीय उड़ान बुकिंग के लिए आंशिक भुगतान सुविधा

नई दिल्ली (भाषा)।

ऑनलाइन यात्रा बुकिंग मंच मेकमाईट्रिप ने यात्रियों के लिए आंशिक भुगतान विकल्प पेश किया है। इसके तहत यात्री कुल किराए का 10 से 40 प्रतिशत अग्रिम भुगतान करके अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 'कन्फर्म बुकिंग' प्राप्त कर सकते हैं। यात्रा मंच ने बुधवार को यह सूचना दी। अग्रिम भुगतान का सटीक प्रतिशत एयरलाइन, यात्रा क्षेत्र और अग्रिम खरीद खिड़की जैसे कारकों द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

शेष राशि का भुगतान या तो यात्रा की तारीख से पहले या बुकिंग के 45 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए, जो भी पहले हो। इसके लिए कोई अतिरिक्त लागत भी नहीं ली जाएगी। मेकमाईट्रिप ने एक बयान में कहा, 'यह उद्योग-प्रथम सुविधा यात्रियों, विशेष रूप से बड़े परिवारों या समूहों के लिए एक आम समस्या का समाधान करती है, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय उड़ान बुक करते समय पूरी टिकट राशि का अग्रिम भुगतान करना चुनौतीपूर्ण लग सकता है।' बयान के अनुसार आंशिक भुगतान विकल्प चुनने वाले उपयोगकर्ता किराया नियमों के अनुसार पूर्ण भुगतान पूरा करने के बाद अपनी पुष्टि की गई बुकिंग को संशोधित कर सकते हैं।'

मेकमाईट्रिप की मुख्य परिचालन अधिकारी (उड़ान, हॉलीडेज एवं खाड़ी देर) सौजन्य श्रीवास्तव ने कहा, 'उद्योग में पहली बार आंशिक भुगतान की यह सुविधा हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो अधिक भारतीयों को अधिक सुविधा और लचीलेपन के साथ अंतरराष्ट्रीय उड़ानें बुक करने में सक्षम बनाती है।'

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

THE STATESMAN KOLKATA 8 JANUARY 2025

Akasa Air appoints Belson Coutinho as COO amid rising competition:Low-cost carrier Akasa Air on Tuesday said it has appointed Belson Coutinho as its Chief Operating Officer (COO). Coutinho will lead Akasa Air`s crucial operational functions, responsible for inflight services, airport services, maintenance and engineering, flight operations and operational excellence, among others.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE TIMES OF INDIA DELHI 9 JANUARY 2025

Chilly Nights & Dense Fog Likely To Continue

150 Flights Delayed, AQI May Worsen Again

WHAT ARE YOU SMOKING?

Photo: **Rajesh Mehta**





- Air quality likely to remain very poor from Jan 9 to 11
- Dense fog at most places and very dense fog at isolated places likely on Thursday and Friday
- Light rain likely on Saturday
- Possibility of very light rain or drizzle on Saturday

TIMES NEWS NETWORK

New Delhi: Brace for colder nights and foggy mornings in Delhi in the next two days. According to India Meteorological Department, the minimum temperature is likely to dip further while the dense fog condition may continue. The city is likely to receive light rain during the weekend.

The minimum temperature on Wednesday was 7.4 degrees Celsius, 0.5 degrees above normal. It was 3.1 degrees lower than Tuesday's minimum temperature. As it was a sunny day, the maximum temperature rose to 21.5 degrees Celsius, three degrees above normal, compared to 16.2 degrees Celsius a day earlier.

According to IMD, the visibility at Palam dropped to 50 metres at 12 am on Wednesday, which started improving from 1 am and touched 500 metres at 2.30 am. However, it started deteriorating again and became zero at 5.30 pm, which again improved to 100 metres at 6.30 am. The visibility rose to 500 metres at 8.30 am. "Thus, Palam witnessed minimum visibility at 50 metres twice. Winds were westerly at 5-7 kmph throughout the night," said an official.

Over 150 flights were delayed at IGI Airport on Wednesday, according to FlightRadar24. However, an airport official said no flight was diverted or cancelled due to low visibility, and some flights were impacted due to weather conditions at other airports.

At Safdarjung, which is the city's base station, the minimum visibility was recorded at 100 metres from 11.30 pm to 2.30 am.

IMD classifies the intensity of fog in terms of visibility. When the visibility is under 50 metres, it is classified as very dense fog. Visibility between 50-200 metres is dense fog, between 200-500 metres is moderate fog, and between 500-1,000 metres is shallow fog.

The minimum temperature may dip further to 6 degrees Celsius on Thursday and Friday. The Met department has placed an orange alert (be prepared to take action) for dense fog at most places and very dense fog at isolated places for Thursday. A yellow alert (be aware) for dense fog at most places has been issued for Friday.

"Due to clear skies and cooler north-westerly winds, the minimum temperature may dip further in the next two days," said a Met official.

Under the influence of a western disturbance, Delhi may also see light rain activity during the weekend. "Light rain or a thunderstorm is likely on Saturday. However, there are chances of very light rain or drizzle on Sunday," the official added.

Delhi's air quality, meanwhile, remained in the poor category with an AQI of 297 compared with 296 a day earlier. However, most stations in the city were in the very poor range throughout the day. Air Quality Early Warning System for Delhi, which is the forecasting body under the union ministry of earth sciences, has predicted that the overall air quality is likely to deteriorate to very poor from Thursday to Saturday.